भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2345
गुरुवार, 13 मार्च, 2025/22 फाल्गुन, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानन कंपनियों को सुरक्षा धमकी संबंधी संदेश

2345. डॉ. शशि थरूर:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विमानन कंपनियों को जनवरी 2024 से अब तक प्राप्त धमकियों का माहवार ब्यौरा क्या है;

(ख) विमानन कंपनियों को जनवरी 2025 से अब तक प्राप्त सुरक्षा धमकियों के कारण माहवार कितनी उड़ानें विलंबित हुई;

(ग) क्या सरकार ने धमकी भरे कॉल और संदेशों को अधिक कुशलता से फ़िल्टर करने और दंड को अधिक कठोर बनाने के लिए उपाय किए हैं, जिसमें दीर्घकालिक दंड और अपराधियों को नो-फ्लाई सूची में डालना शामिल है, और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): देश के विमानन सुरक्षा विनियामक नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के अनुसार, जनवरी 2024 से दिनांक 04.03.2025 तक एयरलाइन प्रचालकों को कुल 745 फर्जी बम धमकियाँ मिली हैं। एयरलाइनों को मिले ऐसे धमकी भरे संदेशों का विवरण अनुलग्नक-क में संलग्न है। जनवरी 2025 से दिनांक 04.03.2025 तक एयरलाइनों पर सुरक्षा खतरे के कारण कुल 04 उड़ानें विलंबित हुईं। विवरण अनुलग्नक-ख में संलग्न है। बीसीएएस ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों, सीआईएसएफ और हितधारकों के साथ समन्वय में ऐसे खतरों से निपटने के लिए मजबूत प्रोटोकॉल अनिवार्य किए हैं, जिससे उड़ान परिचालन पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है। बम खतरा आकस्मिक योजना (बीटीसीपी), एक विस्तृत आकस्मिक योजना है, जो ऐसे खतरों से निपटने के लिए बनाई गई है। बीटीसीपी के एक भाग के रूप में, प्रत्येक हवाईअड्डे पर एक निर्दिष्ट बम खतरा आकलन समिति (बीटीएसी) होती है जो खतरे का विश्लेषण करती है और कार्रवाई करती है। फर्जी बम धमकियों से निपटने के लिए, बीसीएएस ने देश के सभी नागरिक विमानन हितधारकों को सुव्यवस्थित सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने और नागर विमानन में किसी भी गैरकानूनी हस्तक्षेप को रोकने के लिए

परामर्शिकाएं जारी की हैं। विमान (सुरक्षा) संशोधन नियमावली, 2024 को भारत के राजपत्र में दिनांक 09.12.2024 को प्रकाशित किया गया है, ताकि बम की धमकी देने वाले फर्जी संदेश भेजने वालों को नो-फ्लाई सूची में डाला जा सके।

अनुलग्नक-क

क्र. सं.	माह	एयरलाइनों को प्राप्त धमकियां
2024		
1	जनवरी	8
2	फ़रवरी	7
3	मार्च	2
4	अप्रैल	0
5	मई	5
6	जून	21
7	जुलाई	2
8	अगस्त	12
9	सितम्बर	8
10	अक्टूबर	615
11	नवंबर	45
12	दिसंबर	3
कुल		**728**
2025		
13.	जनवरी	6
14	फ़रवरी	9
15	मार्च (04.03.2025 तक)	2
कुल		**17**
कुल योग		**745**

<u>अनुलग्नक-ख</u>

क्र. सं.	**माह**	**विलंबित उड़ानों की संख्या**
1	जनवरी	0
2	फ़रवरी	3
3	मार्च (04.03.2025 तक)	1
कुल		**4**

******